सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**राजभवन देहरादून 17 मार्च, 2023**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में आइएचएम देहरादून के प्रधानाचार्य डॉ0 जगदीप खन्ना ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को संस्थान के क्रिया–कलापों और गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल ने हाल में ही सम्पन्न हुए वसंतोत्सव में आइएचएम द्वारा लगाए गए मिलेट्स पर आधारित फूड कोर्ट की सराहना की। उन्होंने कहा की उत्तराखण्ड में उत्पादित होने वाले पारंपरिक मोटा अनाज ''मिलेट्स'' पौष्टिकता से भरपूर होने के साथ–साथ स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद भी हैं।

राज्यपाल ने कहा कि कोरोना के बाद सभी लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग हो गए हैं और वे मिलेट्स को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में मिलेट्स अनाज के उत्पादन की अच्छी संभावनाएं हैं, इसे आगे बढ़ाने के विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यह वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। G–20 में मिलेट्स को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर भी हमारे पास होगा।

...........0...........